WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्ष: 05 अंक 337 मेरठ, शुक्रवार 25 जून, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का.........




# मेरठ पहुची किसान ट्रैक्टर यात्रा,सिवाया टोल कराया फ्री








**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कृषि कानून के खिलाफ चल रहे किसान आंदोलन को तेज करने की कवायद में भाकियू पिछले करीब सात माह से गाजीपुर बॉर्डर पर जारी किसान आंदोलन में तेजी लाने के लिए भाकियू ने गुरुवार से किसान ट्रैक्टर यात्रा निकालने की घोषणा थी।ह्नकृषि कानूनों के विरोध में सात माह से गाजीपुर बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन को गति देने के लिए भारतीय किसान यूनियन की ओर से आज सहारनपुर के नागल से शुरू हुई ट्रैक्टर यात्रा गुरुवार शाम को मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर पहुंची। जहां पर युवा भाकियू नेता गौरव टिकैत और चरण सिंह टिकैत ने ट्रैक्टर यात्रा का स्वागत किया।ह्न यहां से जनपद के किसानों के ट्रैक्टरों का काफिला ट्रैक्टर यात्रा में शामिल होकर गाजीपुर बॉर्डर के लिए कूच कर गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत अभी ट्रैक्टर यात्रा में शामिल नहीं हुए। वह दिल्ली जाते हुए यात्रा में शामिल होंगे। सहारनपुर मुजफ्फरनगर से होते हुए सिवाया टोल प्लाजा पर पहुंची भारतीय किसान यूनियन की किसान यात्रा के पहुंचने से पहले ही पदाधिकारियों ने टोल प्लाजा को फ्री करा दिया। किसानों का आरोप था कि



यहां पर प्रशासन ने पानी की कोई व्यवस्था नहीं की है किसानों के लिए यहां कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिस कारण से किसान परेशान है। धीरे-धीरे किसान सिवाया टोल प्लाजा पर आकर रुक रहे हैं। भगवती कॉलेज में किसानों के रुकने की व्यवस्था है और खाने की व्यवस्था की गई है। साथ ही टोल प्लाजा को किसानों ने फ्री कर रखा है और 7 लाइन पर किसानों का कब्जा है। एसडीएम सर देना अमित भारतीय भी मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का काम किया लेकिन वह नहीं मान रहे हैं। रात में 11 बजे तक करीब 137 के आसपास ट्रैक्टर और 20 गाड़ियों से किसान पहुंच गए हैं। उधर नरेश टिकैत ने टोल प्लाजा पर शाम के समय पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ खाना खाया और वहां पर खाने की व्यवस्था को देखा। उन्होंने कहा किसान

## गाजीपुर बॉर्डर के लिए निकले हुए ट्रैक्टर रैली का किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के खतौली से होते हुए गाजीपुर बार्डर के लिए रवाना होते हुए भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत की अगवानी में ट्रैक्टर मार्च शुक्रवार शाम पांच बजे गाजीपुर बार्डर पहुंचेगा ।इस दौरान लोगों ने ट्रैक्टर पर आ रहे लोगों का स्वागत किया और इस दौरान भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

एकजुट होकर रहें और डटे रहें जब केंद्र सरकार पीछे नहीं हट रही तो किसान भी पीछे नहीं हटेगे। चौधरी नरेश टिकैत ने बताया कि यात्रा में हजारों किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ शामिल होंगे। सभी ट्रैक्टर पूर्णतया अनुशासन में चलते हुए गंतव्य की ओर बढ़ेंगे, ताकि किसी भी मुसाफिर को परेशानी का सामना न करना पड़े। रास्ते में अलग-अलग पड़ाव पर उस क्षेत्र के किसान भी अपने ट्रैक्टर के साथ जुड़ते चले जाएंगे। उन्होंने यात्रा के दौरान अनुशासन तोड़ने वाले किसानों को बर्दाश्त नहीं करने की भी बात कही है।

## मुजफ्फरनगर में कचरा माफियाओं पर प्रदूषण विभाग की बड़ी कार्यवाही, 8 कचरा माफियाओं पर दर्ज हुआ मुकदमा



**अमरदीप वर्मा की खास रिपोर्ट**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जनपद में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए क्षेत्रीय लोगों व आरटीआई एक्टिविस्ट की शिकायत पर प्रदूषण विभाग के अधिकारीयो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 बड़े कचरा माफियाओं पर मुकदमा दर्ज करवा बडी कार्रवाई की है और पेपर मिल भी सीज किया है। बता दे पूरा मामला थाना नई मंडी क्षेत्र के भोपा रोड व जानसठ रोड पर अवैध रूप से चल रहे कचरा पन्नी प्लास्टिक कारोबार को प्रदूषण विभाग ने चिन्हित करते हुए आठ कचरा माफियाओं पर कार्रवाई की है।आरटीआई एक्टिविस्ट सुमित मलिक की शिकायत पर जिला प्रशासन व प्रदूषण विभाग ने संज्ञान लेते हुए तीन कचरा माफियाओं के गोदामों व क्षेत्र में अवैध रूप से चला रहे 8 कचरा कारोबारियो पर मुकदमा दर्ज करवाने कि कार्यवाही की गई है।

## युवा लोधी जागरुकता मंच ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** युवा लोधी जागरूकता मंच के पदाधिकारीयो ने हमरीपुर में हुआ दर्दनाक घटना जिसमे 16 साल की लड़की दीपा लोधी जो हमरीपुर,ब्लश्वक राठ थाना मझगवां के ग्राम खडाखर की रहने वाली है कुछ लोगो ने बिना किसी प्रशासनिक आज्ञा के जिला पंचायत सदस्य के विजय होने पर जुलूस निकाला अपने घर के दरवाजे पर खड़ी दीपा को कुछ दबंगो ने शराब के नशे में धुत पकड़ कर जबरन नचाने का प्रयास किया ओर छेड़छाड़ करी जिसमे उस युवती के कपड़े भी फाड़ दिए जब वह अपने पिता के साथ थाने गयी अपनी शिकायत दर्ज कराई लेकिन थाना प्रभारी ने उन दबंगो के खिलाफ कोई कारवाई नही करी व कई बार थाना प्रभारी के पास गई अपनी शिकायत को लेकर लेकिन कोई फायदा नही हुआ कारवाई ना होने से क्षुब्ध होकर युवती ने अपने आप को दुपटे का फंदा बना कर फाँसी पर झूल गयी।



संघठन प्रदेश अध्यक्ष मयंक लोधी ने कहा जब तक दीपा लोधी को इंसाफ नही मिलेगा जब तक समाज का कोई भी व्यक्ति शांत नही बैठेगा इस गम्भीर घटना से समाज के लोगों में रोष है आज दीपा के साथ हुआ कल किसी ओर के साथ भी हो सकता है सरकार को इस गम्भीर घटना पर ठोस कदम उठाने होगे ओर आरोपियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करी जाए। साथ ही साथ मयंक लोधी ने परिवार को आर्थिक व परिवार के किसी एक व्यक्ति को सरकारी नोकरी की बात कही अगर दीपा लोधी को इंसाफ नही मिला तो युवा लोधी जागरूकता मंच अन्न त्याग कर धरने पर बैठे गई। उमेश लोधी,सुशील लोधी, हरिकिशन लोधी, रमेश लोधी ह्नप्रधानऋ,निर्मला लोधी,किरण लोधी,अम्बरीश लोधी,रोहित लोधी,ब्रजमोहन लोधी,गजेंद्र लोधी,यशोदा लोधी, सोनू, अनिल, चेतन,विक्की, विक्रांत,आदि मौजद रहे

# वार्ड 23 में वैक्सिनेशन कैम्प का आयोजन





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कोरोना वैक्सिनेशन अभियान के चलते आज 18 से 44 उम्र वालो के वैक्सिनेशन की शुरुआत कंकरखेड़ा के वार्ड नंबर 23 से शुरू हुई और वार्ड में 8 स्थानों पर कैंप लगाए गये। जिसका उद्घाटन कंकरखेड़ा के लॉर्ड बुद्धा स्कूल में एसडीएम सुनीता सिंह द्वारा किया गया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद सतनाम सिंह नामी व कंकरखेड़ा मंडल अध्यक्ष भाजपा अशोक सबलोक, कुलदीप चौधरी, ओमवीर,राजीव गुप्ता, वैभव त्यागी,मंडल मीडिया प्रभारी मनोज त्यागी, प्रदीप भाटिया,आई टी प्रमुख मोहित किरवाल आदि उपस्थित रहे।

# दीपा लोधी को दी श्रद्धांजलि



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आज लोधी राजपूत सेवा समिति के तत्वधान में बच्चा पार्क स्थित अमर शहीद अवंती बाई लोधी की प्रतिमा के सम्मुख कैंडल जलाकर के दीपा लोधी को श्रद्धांजलि दी समिति के महामंत्री एवं कासमपुर व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेश लोधी ने कहा बीते दिनों हमीरपुर में 20 वर्षीय युक्ति दीपा लोधी के साथ जघन्य अपराध हुआ जहां एक बेटी को जीत के जश्न में दबंगों के कहने पर डांस नहीं करने के चलते उसको सार्वजनिक छेड़छाड़ बेइज्जत किया और पुलिस ने एफ आई आर के बाद कोई कार्यवाई नहीं की इंसाफ नहीं मिलने पर उस बेटी ने मौत को गले लगा लिया लोधी राजपूत सेवा समिति इस तरीके से हो रहे बहन बेटियों के अत्याचार को बर्दाश्त नहीं करेगी जरूरत पड़ी तो सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन भी किया जाएगा और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करती है दीपा लोधी के आरोपियों को जल्द से जल्द फास्ट ट्रैक कोर्ट मैं ट्रायल चलाकर सजा दिलाने की मांग की इस दौरान संरक्षक प्रेमचंद लोधी अध्यक्ष पंकज लोधी महामंत्री सुरेश लोधी, राहुल लोधी कृष्ण लोधी लोकेश मनीष निखिल दीपा लोधी निर्मला लोधी अंकुर योगेश मनोज अरुण सोनू बल्लू आदि उपस्थित रहे।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर संयुक्त व्यापार समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मण्डलायुक्त से मिला




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** संयुक्त व्यापार समिति का एक प्रतिनिधिमंडल महामंत्री विपुल सिंघल के नेतृत्व में बेगम पुल से लेकर काली नदी तक आबू नाला-1 के साथ-साथ लगाए गए नीलगिरी वृक्षों यूकेलिप्टस ट्री को हटाकर नीम, बरगद, पीपल अथवा अन्य पेड़ लगाए जाने के संबंध में मण्डलायुक्त मेरठ मण्डल, मेरठ से मिले। संज्ञान में लाया गया कि बेगम पुल से लेकर काली नदी तक आबू नाला-1 के साथ-साथ आज से कुछ 40 वर्ष पूर्व यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए गए थे। उस समय यूकेलिप्टस के पेड़ का प्रचलन था तथा गिरते भूजल जैसी कोई समस्या मेरठ की जनता के सामने नहीं थी । यूकेलिप्टस ध्नीलगिरी का वृक्ष अन्य वृक्षो की अपेक्षा काफी मात्रा में पानी अवशोषित करता है। इसकी जड़ें काफी गहराई में होने के चलते जमीन के काफी नीचे से पानी खींच लेती है। इसके साथ ही मिट्टी में विद्यमान पौधे के लिए आवश्यक तत्वों को भी खींच लेता है और परिणाम यह कि धरती से यह तत्व गायब हो जाते हैं। ऐसे में मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है और धीरे-धीरे जमीन बंजर में तब्दील होने लगती है। आज भूजल का स्तर अन्य कारणों से पहले ही निरंतर गिरता चला जा रहा है ऐसे में यूकेलिप्टस ध नीलगिरी के वृक्ष जो अत्यधिक पानी का इस्तेमाल करते हैं जिससे भूजल का स्तर और अधिक गिरता जा रहा है । यूकेलिप्टस ध नीलगिरी के वृक्ष पर पक्षी भी अपना घोंसला नहीं बना पाते हैं जिस वजह से इस पूरे क्षेत्र में पक्षी भी लगभग खत्म होते जा रहे हैं। नाले के किनारे लगे यह नीलगिरी वृक्ष में बहुत बड़ी संख्या सूख चुकी है तथा उनके तने काले तथा पत्ते सूख चुके हैं ,जो समय समय पर आंधी बारिश में गिर जाते हैं, जिस कारण साथ में जा रही हाईटेंशन बिजली की लाइन पर वह गिरकर नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं । भूजल स्तर को बचाने हेतु तथा अश्वक्सीजन लेवल बढ़ाने के लिए इन यूकेलिप्टस ध नीलगिरी के वृक्षों को हटाकर यहां पर पुन: पौधारोपण की आवश्यकता है। अतरू संस्था सदस्यों द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर उचित कार्यवाही अपेक्षित की गयी है द्य 1. नाले के किनारे बाउंड्री वश्वल एवं उसके ऊपर जाल की फेंसिंग कम से कम 8 फुट ऊंचाई तक बनवाई जाए जिससे नाले में किसी भी प्रकार का कूड़ा ना डाला जा सके। 2. नाले के किनारे लगे सभी यूकेलिप्टस के पेड़ कटवा कर इनकी जगह घना जंगल विकसित किया जाए जिसमें नीम, पीपल, बरगद जैसे वृक्ष लगाए जाएं। 3. मुख्य नाले के साथ-साथ भी एक दीवार खड़ी की जाए जिससे नाले की दोनो दीवार के बीच में लगे जंगल का मिट्टी कटान रोका जा सके और जंगल विकसित रहे, तथा बारिश का स्वच्छ जल जमीन में जाकर भूजल का स्तर बढ़ाने में सहायक हो। इस मौके पर संयुक्त व्यापार समिति के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, महामंत्री विपुल सिंघल, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष सुशील रस्तोगी, मंत्री विकास गोयल, अरविंद चौधरी, राजीव सिंघल, अमित जैन, सचिन मोहन मुकेश मित्तल , रजत कुमार, अम्बुज रस्तोगी, शम्मी आनंद आदि मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों के लिये सासंद ने भेजे कब्बडी मेट



**मेरठ दर्पण-बागपत।** बागपत लोकसभा के सांसद सत्यपाल तोमर ने अनिल चौधरी दबथुवा भाजपा नेता के प्रस्ताव पर क्षेत्र के दबथुवा व आसपास के क्षेत्र के तामाम युवा खिलाड़ियों की पुरानी मांग को पूरा किया और कब्बडी खेलने के लिये आज की आवश्यता को देखते हुवे आधुनिक मेट गद्दे दबथुवा गाँव स्तिथ कब्बडी सेंटर पर पहुँचवाये। इसे क्षेत्र के तमाम युवा कबड्डी खिलाड़ियों को काफी फायदा मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्र से भी किसान व मजदूर के बालक खेल कर अपने क्षेत्र व देश का नाम दुनिया मे रोशन करेगे ।

# शहर के कई इलाकों में तेज आंधी के साथ हुई बारिश

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बताया गया कि शहर के कई इलाकों में तेज बारिश हुईहहै। वहीं बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।ह इससे पहले चिलचिलाती धूप के बीच पारा फिर से 40 डिग्री के पास पहुंच गया था। गर्मी का आलम यह था कि दिन निकलते ही सूरज आसमान से आग बरस रहा था। बताया गया कि था कि अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं है लेकिन, गुरुवार दोपहर के बाद अचानक तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। उधर, सहारनपुर जिले में आज सुबह के समय हल्की बारिश हुई। इससे वहां के लोगों को काफी राहत मिली।

## उत्तर प्रदेश सरकार का जर्नलिस्ट काउन्सिल ऑफ इंडिया ने जताया आभार, यूपी सरकार की सराहनीय पहल

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** प्रतापगढ़ में प्रतिष्ठित टीवी चौनल एबीपी न्यूज के दिवंगत पत्रकार श्री सुलभ श्रीवास्तव की पत्नी रेणुका श्रीवास्तव को नगर पंचायत कोहंड़ौर में कार्यालय सहायक अधिकारी लिपिक के पद पर नौकरी मिल गई है। अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार ने इसकी पुष्टि की। जानकारी के लिए आपको बता दें सुलभ श्रीवास्तव की 13 जून को संदिग्ध परिस्थिति में दर्दनाक मौत हो गई थी। परिवार ने शराब माफिया पर हत्या करने का आरोप लगाया था। मामला काफी तूल पकड़ा था इस संदर्भ में जर्नलिस्ट काउंसिल अश्फ इंडिया ने योगी सरकार से हस्तक्षेप करने व मृतक पत्रकार के परिवार की सहायता करने का आग्रह किया था।प्रेस काउंसिग अश्फ इंडिया ने भी संज्ञान लिया था!

# जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के नामांकन की तैयारियां तेज



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव को निर्विघ्न ढंग से सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन द्वारा तैयारियों को तेज कर दिया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट एसके सिंह द्वारा गुरूवार को कलक्ट्रेट का भ्रमण कर डीएम कोर्ट के बाहर बैरिकैटिंग्स आदि की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करवाने के लिये निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारियों को निर्देश दिये। उन्होने कहा कि नामांकन के दौरान कलक्ट्रेट परिसर में भीड एकत्र नही होने दी जायेगी। बता दें की पंचायत अध्यक्ष चुनाव के लिये 26 जून को नामाकंन भरने का कार्य होगा तथा 3 जुलाई को मतदान व उसी दिन गिनती होगी। इस अवसर पर एओ राजीव कपिल, संजीव जैन व धर्मेन्द्र कुमार आदि भी सिटी मजिस्ट्रेट के साथ रहे।

# भारतीय मतदाता संघ ने लोगों को किया मास्क के प्रति जागरूक



**मेरठ-दर्पण- सरूरपुर।** भारतीय मतदाता संघ के पदाधिकारियों ने कोरोना वैक्सीन लगवाने और वैक्सीन से होने वाले नफा नुकसान के प्रति लोगों को घर घर जाकर जागरूक किया। वैक्सीन के प्रति भ्रांतियों को समझाया और सभी को वैक्सीन शत् प्रतिशत लगवाने के लिये कहा और मास्क लगाने और दो गज की दूरी का पालन करने को कहा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी और महासचिव वैध सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## ऊर्जावान व कर्तव्यनिष्ठ पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल समर्पित होकर कर रही है नगर वासियों की सेवा



ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल के निर्देश पर वार्ड संख्या 22 रेहाना कुरेशी सभासद के वार्ड क्षेत्र मोहल्ला खालापार एवं सलीम अंसारी सभासद के क्षेत्र मोहल्ला लद्धावाला तथा वार्ड संख्या 26 ओम सिंह सभासद के वार्ड क्षेत्र मोहल्ला जनकपुरी मे रोबोट मशीन एवं मैनुअली नाला टीम के माध्यम से नालों की तली झाड़ सफाई कराई गई सफाई के दौरान संबंधित सभासदगण भी पर्यवेक्षण हेतु मौके पर मौजूद रहे इसके अलावा अध्यक्षा के निर्देश पर डश्क्टर संजीव कुमार नगर स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा ए टू जेड कूड़ा प्लांट संचालन का शाम 4: 00 बजे निरीक्षण किया गया स निरीक्षण के दौरान कूड़ा निस्तारण प्लांट संचालित पाया गया सकार्यो का निरीक्षण डॉक्टर संजीव कुमार, डॉक्टर अतुल कुमार नगर स्वास्थ्य अधिकारीगन तथा संजय पुंडीर सफाई निरीक्षक के द्वारा किया गया।

## केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने जागरूक अभियान चलाते हुए लोगों को मास्क एवं सैनिटाइजर किए वितरित

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ जिला अध्यक्ष एवं नामित सदस्य स्वास्थ्य विभाग सुभाष चौहान के नेतृत्व में मास्क एवं सैनेटाइजर का निशुल्क वितरण किया। जिला परिषद के गेट पर आने जाने वाले लोगों को मास्क एवं सैनिटाइजर देकर लोगों को जागरूक किया एवं शिव चौक महावीर चौक के दुकानदारों को भी मास्क एवं सैनेटाइजर देकर इस वैश्विक महामारी के प्रति जागरूक किया। जिला अध्यक्ष एवं नामित सदस्य स्वास्थ्य विभाग सुभाष चौहान ने जिला परिषद बाजार एवं अग्रवाल मार्केट में सभी दवाई लेने आने जाने वालों को एवं जिला परिषद बाजार एवं अग्रवाल मार्केट के सभी दवा व्यापारियों से कहा की क्योंकि यह बीमारी अपना रूप बदल बदल कर कुछ समय के पश्चात आ रही है इससे सावधान होने की आवश्यकता है। सुभाष चौहान ने कहा पहले भी यही



देखा गया है की लापरवाही की वजह से अनावश्यक भीड़ लगाकर और मास्क एवं सैनेटाइजर का सही उपयोग ना करने से इस बीमारी ने अपना विकराल रूप दिखाया है ,अत: हमें सभी दवा व्यापारियों को एवं जनपद के लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है। मास्क एवं सैनिटाइजर का उपयोग करें एवं अनावश्यक भीड़ से बचें। एसोसिएशन के चौयरमैन प्रमोद मित्तल ने भी अपने सभी दवा व्यापारियों एवं जनपद के लोगों से आग्रह किया है की हमें शासन की दी जा रही गाइडलाइनो का पालन करना चाहिए मास्क एवं सैनिटाइजर का उपयोग करने में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए जिससे कि सभी लोग सुरक्षित रह सकें।

## 1 जुलाई से शुरू होगा अरूण शुक्ला कारपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शासन प्रशासन द्वारा यदि 1 जुलाई से स्टेडियम खोलने व खेलों के आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी जायेगी तो आगामी 1 जुलाई से अरूण शुक्ला कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। आयोजन सचिव कोच अतहर अली ने बताया की करन पब्लिक स्कूल में उक्त टूर्नामेंट कोरोना नियमों की गाईड लाईन के अनुसार ही आयोजित कराया जायेगा। उन्होने बताया की इस टूर्नामेंट के लिये 16 टीमों के आने की स्वी ति प्राप्त हो चुकी है। टूर्नामेंट की प्रथम टीम को 21 हजार तथा द्वितीय टीम को 11 हजार का नगद पुरस्कार तथा ट्राफी प्रदान की जायेगी। कोच अतहर अली ने कहा कि लॉकडाउन में छूट मिलने के बाद शासन द्वारा अधिकांश गतिविधियों को शुरू करने की इजाजत दी जा चुकी है परन्तु खेलों को शुरू करने की अनुमति नही दी गई है। उन्होने सरकार से मांग उठाई कि खेलों के आयोजन की अनुमति प्रदान की जाये जिससे खेलों को बढावा मिल सके। प्रेस वार्ता में सौरभ दत्ता, कपिल चौधरी, अमित शर्मा, सुशील त्यागी, संजीव शर्मा, चंदा खान व अखिल खान आदि उपस्थित थे।

## 20 दिन पूर्व मकान में हुई चोरी का खुलासा,एक चोर गिरफ्तार

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्र के ग्राम कसौली में 18 दिन पूर्व हुई मकान में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने चोर के पास से चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया है पुलिस ने पकड़े गए चोर का चालान कर जेल भेज दिया है। चरथावल क्षेत्र के ग्राम कसौली में 4 जून को अज्ञात चोरों ने राजकुमार के मकान में घुसकर 7 हजार की नगदी व मोबाइल चोरी कर लिया था जिसका राजकुमार ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।गुरुवार को कार्यवाहक थानायक्ष योगेंद्र चौधरी के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी इंचार्ज ओमेन्द्र सिंह ने कसौली मार्ग से एक चोर प्रवेश पुत्र मजनू निवासी कसौली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में प्रवेश ने चोरी की घटना कबूल कर लिया पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया रेडमी मोबाईल बरामद कर लिया।पुलिस ने पकड़े गए चोर का चालान



कर जेल भेज दिया।कार्यवाहक थानाध्यक्ष योगेंद्र चौधरी ने बताया कि कसौली में बीएलओ के मकान में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक चोर को गिरफ्तार किया है।आरोपी से मकान से चोरी किया गया मोबाइल भी बरामद किया है।

## कंपटी पर पिस्तोल तान ढाई तोले की चैन लूटकर बाईक सवार बदमाश फरार





**मेरठ दर्पण-कंकरखेड़ा।** तेज बिहार गली नंबर एक हर्षेद्र की हर्ष गैलरी गिफ्ट की दुकान मैं दोपहर 2:30 बजे अपनी दुकान में अकेले थे तभी काले रंग की स्प्लेंडर बाइक सवार तीन युवक दुकान के बाहर आकर रुके उसमें से दो युवक दुकान के अंदर घुस कर दुकान में बैठे हरेंद्र के सीने पर एक युवक ने पिस्तौल तो दूसरे ने तमंचा निकालकर लगा दीया और दोनों युवकों ने हरेंद्र के साथ गाली गलौज करते हुए उनके गले में से ढाई तोले की सोने की चौन छीन ली और दोनों युवक पिस्तौल और तमंचा दिखाते हुए दुकान के बाद निकल गए और अपने तीसरे साथी के साथ स्प्लेंडर बाइक पर बैठकर फरार हो गए तीन युवकों ने अपने मुंह गमछे से ढक रखा था। इसकी सूचना हरेंद्र ने पुलिस को दी मौके पर थाना कंकरखेड़ा पुलिस और एसपी सिटी,भाजपा नेता दुष्यन्त रोहटा भी पहुचे।

## टीपी नगर से अतिक्रमण हटाने के मामले में व्यापारियों ने सहायक नगर आयुक्त को घेरा



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** नगर निगम टीम द्वारा टीपी नगर में सडकों से अवैध अतिक्रमण हटाने तथा सडकों पर वर्षो से कार्य कर रहे खोखे तथा मिस्त्री की दुकानों को हटाये जाने की सूचना पर गुरूवार को संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष अजय गुप्ता तथा भाजपा नेता कमलदत्त शर्मा ने सहायक नगर आयुक्त ब्रजपाल सिंह से वार्ता कर पूरे विषय को उनके समक्ष रखा तथा इस मामले में नगर आयुक्त से फोन पर वार्ता कर गरीब दुकानदारों का उत्पीडन न करने की बात कही। काफी देर वार्ता के बाद इस बात पर सहमती बनी की नगर निगम की टीम द्वारा सडक की नपाई कर जरूरत के अनुसार सडक से अवैध अतिक्रमण को हटा देगी। इस दौरान यह भी तय किया गया की निगम की टीम नपाई के बाद सडक पर एक लाइन खींच देगी तथा उससे बाद यदि किसी दुकानदार द्वारा उस लाईन से आगे अतिमक्रमण किया गया तो उसे ध्वंस कर दिया जायेगा। बताते है कि इस दौरान निगम पार्षद रंजन शर्मा भी मौके पर पहुंचे तथा उन्होने भी कई बिन्दुओं को उठाया।

# राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सड़क किनारे कचरे को डस्टबिन में डाल कर दिया स्वच्छता का संदेश



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** स्वच्छ होगा भारत तो स्वस्थ होगा भारत इस स्लोगन के अंतर्गत ही हम सभी भारत वासियों को कर्तव्य बनता है कि हम ने देश को साफ रखें ताकि हम सभी स्वस्थ रहें इसी संदेश को अमल करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री और मुजफ्फरनगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने अपनी गाड़ी से उतर कर आज सड़क किनारे लगाई गई एक छबील के किनारे पड़े खाली गिलासों को खुद उठा कर कूड़ेदान में डाला और संदेश दिया कि यदि हम कोई सामाजिक कार्य भी कर रहे हैं तो उसमें स्वास्थ्य का ध्यान रखना विशेष है सभी ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल की इस कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए सराहना की वैसे भी राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल अपनी अलग कार्यशैली के जनमानस के साथ दिखाई देते हैं।

# यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में समाजवादी पार्टी की 350 सीटो की जीत के साथ बनेगी पूर्ण बहुमत की सरकारः श्यामलाल बच्ची सैनी



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी विधानसभा खतौली की एक विशाल बैठक काजी कालोनी स्थित बचपन प्ले स्कूल में आयोजित हुई जिसमे मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष विनय पाल प्रमुख विशेष अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, चेयरमैन पुत्र काजी नबील बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा व संचालन काजी फसीह अख्तर व पंकज सैनी ने किया कार्यक्रम का आयोजन नगर अध्यक्ष इरशाद जाट की देख रेख में हुआ। बैठक का उद्देश्य समाजवादी पार्टी के नेताओ , पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी में जी जान से जुट जाने को कहां गया और सभी सेक्टर प्रभारी , बूथ प्रभारी , बीएलए को नई वोट बनवानी , गलत वोट को सही करवानी और फर्जी वोट को कटवानी के इस महत्वपूर्ण अभियान में अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सहयोग करने की बात कही संजय प्रधान , अर्पित गुप्ता, जगन मावी, मोहित सोम ने समाजवादी विचारधारा से प्रेरित होकर आज समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की युवाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से सपा के विकास और विचारधारा से लोगो को अवगत कराने को मीडिया प्रभारी अभिषेक गोयल द्वारा आग्रह किया गया। बैठक में गौरव वर्मा, हाजी यूसुफ , अरशद मुल्तानी, टीटू वालिया, इकराम प्रधान, हाजी इकबाल, दिमाग सिंह एडवोकेट, विभू शर्मा, तासीर भाई, आफाक खान, इकराम अंसारी, फईम सैफी, कुलदीप, सौरभ वर्मा, शाजेब इकबाल आदि।

# रालोद प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक चौधरी गुर्जर ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ किया स्वागत



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** खतौली में भाकियू की ट्रैक्टर किसान यात्रा का रालोद प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक चौधरी गुर्जर ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ स्वागत किया साथ मे मुख्य रूप से क्षेत्रीय महासचिव धर्मेंद्र तोमर,प्रदेश महासचिव युवा पंकज राठी, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक शिवाच, पुष्पेंद्र चौधरी,वकील मंसूरी, किरण खानपुर काके गुर्जर आदि शामिल रहे।

# मुजफ्फरनगर मे रालोद छात्र सभा ने सड़को पर उतरकर छात्र हितों के लिए किया जबरदस्त प्रदर्शन

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** सुबह ही रालोद कार्यालय सर्कुलर रोड पर छात्र जुटना शुरू हो गए थे। छात्र नेता शादाब अली और छात्र नेता सार्थक लाटियान के संयुक्त नेतृत्व में लोकडाउन के दौरान शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रों से अवैध उगाही और अश्वनलाइन क्लासेस के नाम पर निम्न वर्ग के छात्रों का उत्पीड़न आदि मुद्दों को लेकर सैकड़ो छात्रों के साथ जिला कार्यालय सर्कुलर रोड से जिलाधिकारी कार्यालय की ओर नारेबाजी करते हुए कूच किया। छात्र जयंत चौधरी जिंदाबाद, छात्र एकता जिंदाबाद आदि नारे लगाते हुए महावीर चौक पर जैसे ही पहुँचे, थाना सिविल लाइन पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर रोकने के प्रयास किया लेकिन छात्रों की ज्यादा संख्या और जोश के सामने कोई रोक नही पाया। छात्र प्रकाश चौक पर पहुँचे तो सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह और सीओ सिटी कुलदीप सिंह, थाना सिविल लाइन प्रभारी उम्मेद कुमार ने मय फोर्स बेरिकेडिंग लगाकर जब छात्रों को रोक लिया तो छात्र वही प्रकाश चौक पर धरना देकर बैठ गए।



छात्रों के धरने के कारण भारी जाम लग गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्र नेताओं से आग्रह किया कि वो अपनी बात ज्ञापन के माध्यम से कहेगे, करीब आधे घण्टे भयंकर जाम के बाद छात्र नेता सार्थक लाटियान और छात्र नेता शादाब अली ने संयुक्त रूप से माँगो से संबंधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह को सौंपा। प्रदर्शन में काजी शहीर आलम, सुहैल मखियाली, नौमान, काजी फैज, अमृत सैनी, गौरव बीन, गौतम अहलावत, राहत, अजय अहलावत प्रधान, अगम अहलावत, विनर राठी, समीर, मयंक पचेण्डा, सोमेश कश्यप, मयंक बालियान, विजय मलिक, कपिल गुर्जर, कल्लू रसूलपुर, खुशाल तोमर, विकास मुखिया, शीकेब असलम सिद्दीकी आदि सैकड़ो छात्र रहे।

# डॉ दीप्ति के सेंटर पर हरियाणा पुलिस ने देर रात की छापेमारी, मशीने भी की सीज




**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित एक नर्सिंग होम के अल्ट्रासाउंड सेंटर पर देर रात लिंग निर्धारण जाँच की सूचना पर हरियाणा से आई एक टीम के साथ सिविल लाइन पुलिस ने संयुक्त छापेमारी की,छापेमारी के दौरान टीम ने मौके अपनी जाँच पड़ताल कर कुछ मशीनों को सील कर नर्सिंग होम से कुछ जरूरी दस्तावेज ओर नगदी भी जप्त की है। इस मामले में सीओ सिटी मुजफ्फरनगर कुलदीप कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, अल्ट्रासाउंड सेंटर में लिंग निर्धारण जाँच की सूचना पर हरियाणा से आई एक चिकित्सको की टीम ओर हमारी पुलिस ने संयुक्त छापेमारी की है,छापेमारी के दौरान जाँच में सूचना सही पाये जाने पर हरियाणा से आई टीम ने सिविल लाइन थाने में नर्सिंग होम के चार लोगों के खिलाफ 420 की धारा के साथ साथ कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है,जिसमे आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास पुलिस के द्वारा शुरू कर दिए गए है।





**जनपद मुजफ्फरनगर की कचहरी परिसर की सुरक्षा के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल,डॉग स्क्वायड व एलआईयू टीम द्वारा जनपद में स्थित कचहरी परिसर में चलाया गया सघन चैकिंग अभियान**

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने '**मेरठ दर्पण**' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक– अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845** फोन: 9897419837 **Email : mrtdarpan@gmail.com**
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।